पंतनगर विवि में वन हेल्थ चुनौतियों पर डाला प्रकाश

पंतनगर। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय और वन हेल्थ सपोर्ट यूनिट उत्तराखंड की ओर से वन हेल्थ व्याख्यान श्रृंखला का दूसरा सत्र आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बोलते कुलसचिव डॉ. केपी रावेरकर। संवाद

डॉ. रतन सिंह सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यवाहक कुलपति एवं कुलसचिव डॉ. केपी रावेरकर, पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. नीरज सिंघल ने किया। ओएचएसयू के डॉ. मनीष राय ने वन हेल्थ पर एक परिचयात्मक व्याख्यान दिया।

डॉ. निधीश भारद्वाज, डीन वेटरिनरी डॉ. एसपी सिंह, डिवीजन ऑफ कम्युनिकेबल डिजीसेस आईसीएमआर के वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. हरमनमीत कौर, प्रसार शिक्षा विभाग आईवीआरआई के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. महेश चंदर, एम्स ऋषिकेश के डॉ. योगेश बहुरूपी, पशु स्वास्थ्य जपाइगो डॉ. विपिन कुमार वर्मा, डॉ. एके उपाध्याय, डॉ. राजीव रंजन कुमार, डॉ. सुधीर कुमार ने विचार रखे।

कार्यक्रम में जीबीपीयूएटी, पंतनगर से पशुचिकित्सा, कृषि क्षेत्र और भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, बरेली के प्रसार शिक्षा विभाग और पशु सार्वजनिक स्वास्थय एवं महामारी विज्ञान विभाग से कुल 300 छात्रों ने भाग लिया। संवाद